हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शनिवार, 30 दिसंबर 2023

11 विज्ञान प्रदर्शनी में टीआईटी स्कूल ने लहराया परचम



12 किसान महापंचायत में उठी मुआवजे की मांग



## खबर संक्षेप



बाढ़डा। पंचायत के दौरान मौजूद बडेसरा के ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### पशुओं को छोड़ा तो लगेगा 51 हजार रुपये जुर्माना

**बाढ़ड़ा।** नीमड़-बडेसरा गांव की सीमा में किसी व्यक्ति ने अवारा पशुओं को छोड़ा तो उस पर 51 हजार रुपए जुर्माना लगाया जाएगा, जिसकी निगरानी के लिए ग्रामीण गांव में ठिकरी पहरा लगाएंगे। ये फैसला सरपंच प्रतिनिधि बिजेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक में लिया गया। नीमड़-बडेसरा गांव में आयोजित बैठक में ग्रामीणों ने रात्रि में गांव की सीमा में आवारा पशुओं को छोड़ने पर चर्चा की। ग्रामीणों ने कहा कि कुछ गांवों के लोग आवारा पशुओं को गांव की सीमा में छोड़ देते हैं।

### क्रिकेट प्रतियोगिता एक जनवरी से

**तोशाम।** शहीद भगत सिंह युवा क्लब तोशाम द्वारा नववर्ष के उपलक्ष्य में एक जनवरी से विशाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन चौधरी सुरेंद्र सिंह खेल परिसर में किया जाएगा, जिसमें दूर-दराज के क्षेत्र से दर्जनों टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता के दौरान बतौर मुख्यतिथि समाजसेविका डॉ. सुनीता जनावा भेरा शिरकत करेंगी, वहीं मैच का उद्घाटन समाजसेवी वेदप्रकाश रहेजा करेंगे। प्रतियोगिता में बतौर विशिष्ठ अतिथि समाजसेवी राजेश बागनवाला व समापन पर हर्ष छिकारा पहुंचेंगे।

### हसमुख दो को बाढ़डा और 3 को झोझूकलां में

**चरखी दादरी।** संगठन विस्तार के लिए कांग्रेस पार्टी के भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी हसमुख चौधरी दो को बाढ़ड़ा और तीन जनवरी को झोझू कलां में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे। हसमुख चौधरी दे जनवरी को सुबह 11 बजे बाढ़डा में लोहारू रोड पर जांगड़ा धर्मशाला और तीन जनवरी को सुबह 11 बजे सरकारी अस्पताल के पास स्थित झोझूकलां के सेठ बिसम्भर दयाल बाबू लाल सामुदायिक भवन में ब्लॉक कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे और बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने के लिए विचार विमर्श करेंगे।

### बाबा श्रीश्याम की भव्य निशान यात्रा कल

**भिवानी।** कृपा सांवरे की परिवार द्वारा 31 दिसंबर को शहर में बाबा श्याम की भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। कृपा सांवरे की परिवार के प्रधान मनीष गोयल ने दी। उन्होंने बताया कि निशान यात्रा लोहड़ चौपटा से शुरू होगी, जो कि बर्तन बाजार, बिचला बाजार, जैन चौक, दादरी गेट होते हुए दादरी गेट हाऊसिंग बोर्ड स्थित राजश्री बैक्वेंट हाऊसिंग बार्ड में संपन्न होगी। जिसके बाद वही पर शाम सवा 7 बजे से प्रभु इच्छा तक बाबा श्याम के कीर्तन का भी आयोजन किया जाएगा। कहा ऐसे आयोजनों से भक्ति की भावना जाग्रतोती है।

## चिकित्सकों की हड़ताल से जिले में चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था

# एनएचएम के साथ फिल्ड स्टाफ ने संभाली ओपीडी, कड़ाके की ठंड में परेशान रहे मरीज

- जिले में 61 चिकित्सकों ने संभाली व्यवस्था, महज 500 मरीजों को मिला नागरिक अस्पताल में उपचार
- फिल्ड में 40 चिकित्सकों के कंधों पर रही स्वास्थ्य सेवाएं, अधिकतर मरीज रहे परेशान
- वार्ड के मरीजों और दिव्यांगजनों को नहीं मिल पाया उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी





भिवानी। हड़ताल के दौरान खाली पड़ी कुर्सियां तथा इलाज के लिए अस्पताल में पहुंचे मरीज। फोटो : हरिभूमि

शुक्रवार को सरकारी डॉक्टर हड़ताल पर रहे। उनकी जगह एनएचएम व फिल्ड स्टाफ ने ओपीडी की व्यवस्था संभाली। हालांकि नियमित चिकित्सकों की तरह ओपीडी नहीं चली,लेकिन एनएचएम के तहत नियुक्त चिकित्सकों ने कुछ हद तक मरीजों का इलाज व दवाईयां भी दी। अन्य दिनों की तरह इलाज के लिए अनेक लोग सामान्य अस्पताल पहुंचे,लेकिन वहां जाकर पता चला कि चिकित्सक हड़ताल पर है। उनकी जगह एनएचएम के तहत नियुक्त चिकित्सक ही मरीजों का इलाज कर रहे है। नियमित ओपीडी न चलने की वजह से ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ने लगी। दोपहर तक अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की लंबी लाइन लग गई। हालांकि दोपहर बाद तक अधिकांश मरीजों को दवा देकर घर भेजा गया। जिसकी वजह से मरीजों के साथ आए तिमारदारों को भी अच्छी खासी परेशानी उठानी पड़ी। डॉक्टर्स एसोसिएशन के वक्ताओं ने बताया कि डॉक्टर के लिए एक विशेषज्ञ कैडर का गठन कर की सीधी भर्ती पर रोक, बांड राशि एक करोड़ से घटाकर 50 लाख करने व एसीपी जल्द से जल्द लागू किये जाने की माँग को लेकर उनकी हड़ताल है। उनकी मांग पूरी न होने की वजह से उनको आर्थिक व मानसिक परेशानी उठानी पड़ी है। वे कई बार सरकार के नुमाइंदों से बातचीत कर चुके है,लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

### एसयूसीआई कम्युनिस्ट का समर्थन

कामरेड राजकुमार बासिया ने बताया कि हरियाणा राज्य में संघर्षरत सरकारी डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ के आंदोलन को एसयूसीआई कम्युनिस्ट ने भरपूर समर्थन दिया है। पार्टी के राज्य सचिव सत्यवान ने कहा कि डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ की मांगें बिल्कुल जायज हैं। सरकार की स्वास्थ्य नीति जनविरोधी होने का परिणाम है इन्हें आंदोलन में उतरना पड़ा है। गत वर्ष मेडीकल स्टुडेंट्स को भी इसी तरह से मजबूरन आन्दोलन में उतरना पड़ा था। हम सरकार से मांग करते हैं कि तुरंत प्रभाव से सरकारी चिकित्सकों की मांगों को स्वीकार कर हड़ताल को समाप्त कराया जाए ताकि मरीजों को भी समुचित इलाज मिल सके।

### 500 लोगों ने कटवाई पर्ची

नागरिक अस्पताल सहित फिल्ड में 61 चिकित्सकों के कंधों पर स्वास्थ्य सेवाओं की जिम्मेदारी रही। इन चिकित्सकों में नेशनल हेल्थ मिशन, कंसलटेंट और सीएचओ शामिल रहे। सामान्य दिनों में नागरिक अस्पताल की ओपीडी 1200 से पार रहती है, जबकि शुक्रवार को महज 500 मरीजों ने ही चेकअप स्लिप बनवाई। इसमें से भी काफी मरीज तो विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं होने की सूचना मिलने पर बिना जांच करवाने ही वापस लौट गए। नियमित चिकित्सकों की हड़ताल के कारण मरीज निजी अस्पताल व क्लीनिक में भी गए। हड़ताल के चलते शुक्रवार को सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य और प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. एडविन में आपातकालीन विभाग और ओपीडी की व्यवस्थाएं जांची। फिल्ड में 40 चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी, जबकि नागरिक अस्पताल में 21 चिकित्सकों ने व्यवस्था संभाली।



भिवानी। द्वीप प्रज्जवलित करके कार्यशाला का शुभारंभ करवाते हुए।

# दिव्यांग बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ना जरुरी

- तीन न दिवसीय सतत कार्यशाला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

आदर्श रिहैबिलिटेशन सेंटर व स्पेशल स्कूल में शुक्रवार को तीन दिवसीय सतत कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथी अधिवक्ता विजेंदर पंघाल, राजकुमार कोठारी, अधिवक्ता राजीव पंघाल व संस्था निदेशक डॉ. राजेश श्योराण द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया तथा संस्था निदेशक द्वारा आये हुए अतिथिगणों को स्म्रति चिह्न भेंट किए गए । संसाधन अध्यापक उषा लता ने बताया की समुदाय आधारित जागरूकता दिव्यांग बच्चों व उनके अभिभावकों के जीवन में नया उजाला लेकर आती ह। सीबीआर अपने समुदाय के प्रत्येक क्षेत्र में विकलांग व्यक्तियों की पूर्ण भागीदारी और समावेश पर ध्यान केंद्रित करता है। यह विकलांग व्यक्तियों को सशक्त बनाता है और उन्हें शारीरिक और सामाजिक बाधाओं को दूर करने में सहायता करता है। सीबीआर को विकलांग व्यक्तियों, उनके परिवारों और समुदायों और संबंधित सरकारी और गैर. सरकारी स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यावसायिक, सामाजिक और अन्य सेवाओं के संयुक्त प्रयासों के माध्यम से लागू किया जाता है। सीबीआर पांच प्रमुख घटकों को संबोधित करता है। स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, सामाजिक और सशक्तिकरण। मुख्य अतिथि के द्वारा ओपने शेलटर होम के बच्चों को गर्म वस्त्र वितरित किए गए और उन्हें मिठाइयाँ बांटी गई व उन्होंने संसथान के कार्य व कार्यशाला में आये सभी शिक्षण को बधाई दी।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर संस्था सचिव सरिता श्योराण, प्रिंसिपल अनीता वर्मा,कोऑर्डिनेटर शारदा शमा, डॉ. हरिकिशन शर्मा, रिंकू कुमार, राजीव,मोहम्मद नसीम, संदीप कुमार, बजरंग, पिंकी, विनोद व बुलबुल जैन आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें।

# आरटीए का ओवरलोड वाहनों पर शिकंजा

- तीन ट्रालों को पकड़कर 1.53 लाख रुपये के काटे चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढ़ड़ा



बाढ़डा। आरटीए टीम द्वारा पकड़े गए ओवरलोड ट्राला।

चरखी दादरी जिले में ओवरलोडिंग व माइनिंग का मुद्दा काफी गमार्या हुआ है। जिसके बाद आरटीए विभाग की ओर से सख्ती दिखाते हुए शुक्रवार को ओवरलोडिंग पर शिकंजा कसने के लिए वाहनों की जांच की गई।

इस दौरान टीम को बाढ़ड़ा के समीप तीन ओवरलोड ट्राला मिले जिन पर टीम ने कार्रवाई करते हुए इनके चालान किए। टीम द्वारा तीनों ट्राला के ओवरलोड पाए जाने पर इनके 1 लाख 53 हजार रुपये के चालान काटे गए और तीनों वाहनों को पकड़कर बाढ़ड़ा बस स्टैंड परिसर में खड़ा करवाया गया है। बता दें शुक्रवार को चरखी दादरी आरटीएम टीम ने बाढ़ड़ा क्षेत्र में बाढ़ड़ा सतनाली सड़कमार्ग पर वाहनों को चैक किया। इस दौरान टीम को क्रशर से भरे तीन ट्राला ओवरलोड मिले जो एक ही फर्म के हैं जिनके खिलाफ संबंधित कार्रवाई अमल में लाई गई। टीम द्वारा ओवरलोड पाए जाने पर एक ट्राला का 57 हजार, दूसरे का 49 हजार व तीसरे का 47 हजार रुपये का चालान किया है, जिसके बाद दूसरे ओवरलोड वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और या तो रूट डायवर्ट कर या अपने वाहनों को गांवों में लेजाकर खड़ा कर दिया। वहीं टीम ने तीनों वाहनों को पकड़कर बाढ़ड़ा के बस स्टैंड परिसर में खड़ा करवाया गया है।

# दो सड़कों का होगा नवनिर्माण, 2.28 करोड़ जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



चरखी दादरी। ग्रामीणों की समस्या सुनते पूर्व विधायक राजदीप। फोटो : हरिभूमि

- गांव बौंद खुर्द व रणकौली की फिरनी का होगा पुनर्निर्माण

प्रदेश सरकार ने दादरी विधानसभा क्षेत्र के दो महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़कों के नवनिर्माण के लिए 2:28 करोड़ रुपये की राशि जारी कर दी है, इन दोनों सड़कों के पुनर्निर्माण होने से ग्रामीणों को बड़ा लाभ मिलेगा। ये जानकारी दादरी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राजदीप फौगाट ने गांव बौंद खुर्द में जनसमस्याओं की सुनवाई के दौरान दी। पूर्व विधायक फौगाट बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा जारी किए बजट से गांव कन्हेटी से इमलोटा तक सड़क का नवनिर्माण किया करवाया जाएगा। इसके साथ-साथ बौंद-ऊण रोड से रणकौली वाया बौंद खुर्द सड़क का भी नवनिर्माण करवाने के लिए प्रदेश सरकार ने आवश्यक बजट जारी कर दिया है। सरकार द्वारा स्वीकृत बजट से गांव रणकौली और बौंद खुर्द की फिरनीयों का भी पुनर्निर्माण करवाया जाएगा। पिछले दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और विधायक नैना चौटाला के दादरी हलके के कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने मांग पत्र देते हुए बताया था कि इन सड़कों का निर्माण नहीं होने के कारण ग्रामीणों ने भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, दोनों गांव की फिरनी की दशा अत्यधिक खराब हैं, जिस वजह से ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों आ रही हैं।

### फिरनी निर्माण को मिली मंजूरी

बौंदकलां पंचायत समिति चेयरमैन पंकज गुर्जर ने बताया कि गांव बौंद कलां-ऊण रोड से गोगा मंदिर गली वाया मॉडल स्कूल से फिरनी बौंद खुर्द वाया रणकोली फिरनी दादरी रोहतक मैन रोड तक फिरनी निर्माण को मंजूरी मिल गई हैं। विभाग द्वारा सड़क निर्माण की टेंडर प्रकिया भी शुरू कर दी हैं। बजट स्वीकृति पर मुख्यमंत्री मनोहरलाल, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत, विधायक नैना और पूर्व विधायक राजदीप का धन्यवाद व्यक्त किया हैं।

# किसान हित में लिए जा रहे निर्णय धरातल पर किए जा रहे क्रियान्वित: मंदीप कौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

- बेहतर उत्पादन के लिए सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली का लाभ उठाएं किसान

सरकार द्वारा किसान हित में लिए जा रहे निर्णयों को धरातल पर क्रियान्वित करवाया जा रहा है। इसी उद्देश्य से किसानों को कम पानी लागत से बेहतर व ज्यादा पैदावार लेने के लिए सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत 85 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान की जा रही है। प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने व फसल उत्पादन के दौरान होने वाले जोखिमों को कम करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा विभिन्न स्तर पर गंभीरता से प्रयास किए जा रहे हैं। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि जिले के किसान सूक्ष्म सिंचाई योजना का लाभ उठाते हुए योजना के माध्यम से खेत में पानी खड़ा होने, खेत में पानी के असमान वितरण, उर्वरक उपयोग दक्षता को कम करने जैसे नुकसानों से अपनी फसल को बचाकर अधिक पैदावार ले सकते हैं। प्रदेश सरकार ने किसानों को कृषि से संबन्धित सिंचाई के नए आधुनिक तकनीकी साधन प्राप्त करने के लिए सूक्ष्म सिंचाई योजना शुरू की है। इसमें मिनी स्प्रिंकल पर 85 प्रतिशत तक सब्सिडी का प्रावधान भी है। इस विधि से रासायनिक उर्वरकों को घोल के रूप में पानी के साथ फसल में डाला जा सकता है।



भिवानी। जनस्वास्थ्य विभाग के सुभाष व इंद्र सिंह को सेवानिवृत पर स्मृति चिन्ह देते साथी। फोटो : हरिभूमि

### सुभाष व इंद्र को दी विदाई पार्टी

**तोशाम।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तोशाम के जलघर में शुक्रवार को सुभाष टाला व इन्द्र सिंह खावा की सेवानिवृत्ति पर पगड़ी पहनाकर विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया। सुभाष ने 37 व इंद्र सिंह खावा ने 35 वर्ष के सफल कार्यक्रम के पश्चात सेवानिवृत्त होने पर हरियाणा गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मेकैनिकल वर्कर यूनियन सम्बंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ तोशाम ब्रांच ने विदाई समारोह आयोजित कर विदाई दी। इस मौके पर जिला उपप्रधान सुरेश कौशिक व उपमंडल अभियंता विक्रम सिंह पूनिया ने कहा कि दोनों कर्मचारियों की ड्यूटी के प्रति कोताही नहीं बरतने की जमकर सरहाना की।

# बेटी व पक्षी को बचानों की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी




भिवानी। कैलेंडर का विमोचन करते हुए।

- बेटियां व चिड़ियां जिस आंगन में चहकती है, वहीं होता है स्वर्ग: पुष्पा दहिया

बेटी बचाओ, पक्षी बचाओं, पेड़ लगाओ, जीवन बचाओं विषय पर जन मानस जागृति मंच द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को इस मुहिम से जुड़ने का आहवान किया गया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ, पक्षी बचाओं की शपथ दिलवाई गई। इस मुहिम में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को पुरुस्कृत कर पक्षियों के बचाव के लिए सकोरे और गमले वितरित किए गए। हलवासिया विद्या विहार में आयोजित कार्यक्रम में पीजीआईएमएस रोहतक की स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. पुष्पा दहिया, दादरी के सीईओ प्रदीप कुमार, ईएनटी के विभागाध्यक्ष डॉ.एसपीएस यादव, तहसीलदार आदित्य रंगा, विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक चौहान, पीएमओ डॉ. एडविन, डॉ. यूएस पाहवा, आईएमए की पूर्व अध्यक्ष डॉ. कमला भारद्वाज, डॉ. सरोज रंगा, डॉ. अरमान, डॉ. सुशील धमीजा, पंकज बजाज, हलुवासिया विद्यालय के प्रशासक दिवान चंद रहेजा, प्रिंसीपल बिमलेश आर्य सहित अन्य बुद्विजीवी मौजूद थे।

## सूर्य देव ने शाम तक नहीं दिए दर्शन, दिन में भी अंधेरे का अहसास

# नहीं मिली धुंध से राहत, दिनभर ठिठुरते रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। धुंध को चिर कर गंतव्य की ओर जाता एक वाहन चालक।

- कोहरे का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है ठंड से लोग परेशान

शुक्रवार को भी लोगों को धुंध से राहत नहीं मिल पाई। धुंध के साथ कड़ाके की ठंड की वजह से जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित रहा। धुंध की वजह से लोगों की दिनचर्या देर से शुरू हुई। धुंध की वजह से पारा नीचे लूढ़कता रहा,जिसकी वजह से लोगों कंपकंपी छूटती रही। लोग अलाव का सहारा लेते नजर आए। शाम तक सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। दूसरी तरफ इस मौसम में धुंध गिरना फसलों के लिए फायदेमंद मानी जा रही है। सुबह जब लोग सोकर उठे तो उस वक्त धुंध की चादर तनी हुई थी। धुंध की दृश्यता इतनी गहनता थी कि तीन से चार मीटर से ज्यादा दूरी का नजर नहीं आ रहा था। सूर्यदेव के दर्शन शाम तक नहीं होने की वजह से ठंडक से जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हुआ। लोगों की दिनचर्या देर से शुरू हुई और शाम को भी जल्दी ही लोग घरों में दुबक गए। अन्य दिनों की अपेक्षा ठंड ज्यादा रही। दूसरी तरफ किसान रबी फसलों के लिए धुंध को फायदेमंद माना जा रहा है। चूंकि सरसों व गेहूं की फसल में धुंध की वजह से फसलों में फुटाव बढ़ेगा और औसतन पैदावार बढ़ेगी। इन दिनों में सरसों व गेंहू की फसलों में फुटाव बना हुआ है। अगर धुंध गिरने लग जाती है तो फसलों में बने फुटाव में बेहतरीन ढंग से बढोतरी होगी। जिसके चलते फसलों की औसतन पैदावार बढ़ेगी।

### एक दूसरे वाहन के पीछे लगकर गंत्तव्य तक पहुंचे वाहन

सुबह धुंध की गहनता जबरदस्त रही। धुंध की वजह से सबसे बड़ी समस्या वाहन चालकों के लिए बनी रही। वाहन चालकों को ज्यादा दूर का दिखाई न देने की वजह से एक वाहन के पीछे लगकर गंत्तव्य तक पहुंचे। इस दौरान वाहन चालकों को अतिरिक्त समय व अतिरिक्त आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा। पूरे दिन वाहन चालकों को अच्छी खासी परेशानी उठानी पड़ी। सुबह से लेकर देर शाम तक इसी तरह का मौसम बना रहा।

### विद्यार्थियों को विकास के बारे कराया अवगत

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के रा.मा संस्कृति वरिष्ठ मा विद्यालय में सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ योगा से हुआ। व्याख्यान माला कार्यक्त्रम में मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता रा महिला महाविद्यालय बवानी खेड़ा से अस्सिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अमित कुमार रहे। उन्होंने नई शिक्षा नीति 2020 पर एनएसएस वालंटियर को अपना विस्तृत व्याख्यान दिया उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा को पुनर्जीवित करना तथा विद्यार्थियों का चहुमुखी विकास करना है। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्या संतोष भाकर के द्वारा मुख्यातिथि का स्वागत किया गया उन्होंने भी छात्रों को नई शिक्षा नीति के महत्व को समझाया।

# रैली की तैयारियों को लेकर की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

- सर्व कर्मचारी संघ की बैठक में रैली की सफलता को किया मंथन

सर्व कर्मचारी संघ की बैठक जिला प्रधान कृष्ण उण की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बतौर मुख्य वक्ता प्रदेश राज्य प्रधान धर्मबीर फौगाट, हेमसा राज्य उपमहासचिव विजय लांबा ने शिरकत की। बैठक में 4 फरवरी को रोहतक में आयोजित राज्य स्तरीय रैली को लेकर तैयारियों पर चर्चा की गई। इस दौरान कर्मचारी नेताओं ने बताया कि रैली में प्रत्येक विभाग से कर्मियों की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करवाई जाएगी। इसके लिए बहुत जल्द ही प्रचार जत्थे हर एक विभाग में पहुंच कर कर्मियों को रैली को लेकर विस्तार से जानकारी देंगे व ज्यादा से ज्यादा साथियों को पहुंचने की अपील की जाएगी। इसके लिए जिले भर में आगामी 16 जनवरी से राजकीय स्कूलों में रैली की तैयारियों को लेकर टीमों का गठन कर जिम्मेदारी सौंप दी जाएगी। इसके साथ ही रैली की गतिविधियों में तेजी लाने के लिए आगामी 7 जनवरी में रोहतक कार्यालय में एक बड़ी बैठक होगी। इसमें प्रदेश कार्यकारिणी सहित विभिन्न जिलों से पदाधिकारियों द्वारा शिरकत की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

## आरबीआई ने पीआईडीएफ योजना 2025 तक बढ़ाई



**मुंबई।** आरबीआई ने शुक्रवार को भुगतान अवसंरचना विकास कोष (पीआईडीएफ) योजना को दो साल बढ़ाकर दिसंबर 2025 तक कर दिया। इसके साथ ही 'साउंड बॉक्स' उपकरण और 'आधार' से जुड़े बायोमेट्रिक उपकरणों को शामिल करके सब्सिडी देने की गुंजाइश को बढ़ा दिया गया है।

## पावर ग्रिड को बांड से राशि जुटाने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल ने शुक्रवार को बांड के जरिये 2,200 करोड़ रुपये जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। बांड पर गठित निदेशकों की समिति ने 29 जुलाई को पूंजीगत व्यय जरूरतों को पूरा करने के लिए कई किस्तों में वित्त वर्ष 2023-24 में 5,700 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी दी थी।

## कल्पतरु प्रोजेक्ट्स को मिले 3,244 करोड़ के नए ठेके



**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग एवं निर्माण कंपनी कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड को उसकी विदेशी अनुषंगी कंपनियों और संयुक्त उद्यमों के साथ 3,244 करोड़ रुपये के नए ठेके मिले हैं। कंपनी ने इसके साथ ही भूमिगत मेट्रो रेल सुरंग क्षेत्र में भी प्रवेश की घोषणा की है। भूमिगत मेट्रो रेल परियोजना के 'डिजाइन' तथा निर्माण का ठेका मिला है।

## नवंबर में प्लास्टिक निर्यात में 5.6 प्रतिशत की गिरावट



**मुंबई।** भारत से प्लास्टिक निर्यात में नवंबर में सालाना आधार पर 5.6 प्रतिशत की गिरावट आई है और यह घटकर 89.2 करोड़ डॉलर रह गया है। इसकी मुख्य वजह विविध उत्पादों की निर्यात खेप में गिरावट आना है। प्लास्टिक निर्यात संवर्धन परिषद ने एक बयान में यह जानकारी दी। नवंबर, 2022 में कुल प्लास्टिक निर्यात 94.5 करोड़ डॉलर का हुआ था।

## जूमकार का इनोवेटिक के साथ विलय पूर्ण

**नई दिल्ली।** कार साझा करने वाले मंच जूमकार और विशेष प्रयोजन अधिग्रहण कंपनी 'इनोवेटिव इंटरनेशनल एक्विजिशन कॉर्पोरेशन' (आईओएसी) ने शुक्रवार को अपना विलय पूरा कर लिया। जूमकार ने एक बयान में कहा कि संयुक्त इकाई का नाम जूमकार होल्डिंग्स इंक रखा गया है और यह नैसडैक पर तत्काल अपना कारोबार शुरू कर सकती है।

## इसरार अहमद बने फियो के कार्यवाहक अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** इसरार अहमद ने भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के कार्यवाहक अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया है। उनकी नियुक्ति स्थायी अध्यक्ष के चुनाव तक प्रभावी होगी। भारतीय निर्यातकों के निकाय ने बयान में कहा कि उपाध्यक्ष अहमद ने फियो के कार्यवाहक अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया है। फियो के निवर्तमान अध्यक्ष ए शक्तिवेल का कार्यकाल पूरा हो चुका है। फियो का चुनाव पहले ही होने वाला था लेकिन वाणिज्य मंत्रालय ने इसे टाल दिया है। इस साल मई में एक समिति का गठन किया गया है जो निर्यात संवर्द्धन परिषदों और फियो के पदाधिकारियों के चुनाव से संबंधित मौजूदा दिशानिर्देशों की समीक्षा कर रही है।

# सरकार ने सुकन्या समृद्धि योजना के निवेशकों को दिया न्यू ईयर गिफ्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश करने वाले निवेशकों को सरकार ने नए साल पर बड़ी सौगात दी है। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के लिए योजना के ब्याज दरों को 8 फीसदी से बढ़ाकर 8.2 फीसदी कर दिया गया है।

- ब्याज दरों में किया बढ़ोतरी का एलान

इसके अलावा 3 साल की अवधि वाले डिपॉजिट पर ब्याज को 7 फीसदी से बढ़ाकर 7.1 फीसदी किया गया है। लेकिन दूसरी छोटी बचत योजनाओं के ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने 2023-24 की चौथी तिमाही जनवरी से मार्च तक के लिए छोटी बचत योजनाओं के ब्याज दरों की समीक्षा कर उनकी घोषणा कर दी है। छोटी बचत योजनाओं में केवल सुकन्या समृद्धि योजना के ब्याज दरों में ही बदलाव किया गया है। बेटियों के लिए खासतौर से चलाई जा रही मोदी सरकार की इस स्कीम के ब्याज दर को 8 फीसदी से बढ़ाकर 8.2 फीसदी कर दिया गया है।

**ब्याज दरों को 8 फीसदी से बढ़ाकर 8.2 फीसदी कर दिया**

### पीपीएफ के निवेशकों में मायूसी

पब्लिक प्रविडेंट फंड के ब्याज दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है और इसमें निवेश करने वाले निवेशकों को केवल 7.1 फीसदी ब्याज मिलेगा। अप्रैल 2020 के बाद से ही पीपीएफ के ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।




### इन स्कीमों के ब्याज दरों में बदलाव नहीं

वित्त मंत्रालय के सर्कुलर के मुताबिक सेविंग डिपॉजिट पर 1 जनवरी 2024 से लेकर 31 मार्च 2024 तक 4 फीसदी ब्याज मिलेगा। 1 साल की अवधि वाले डिपॉजिट पर 6.9 फीसदी, 2 साल के टाइम डिपॉजिट पर 7 फीसदी, 5 साल के डिपॉजिट पर 7.5 फीसदी ब्याज मिलेगा। 5 साल के रेकरिंग डिपॉजिट पर 6.7 फीसदी ब्याज को बरकरार रखा गया है।

### नेशनल सेविंग पर ब्याज दर यथावत

नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट पर 7.7 फीसदी ब्याज दर को बरकरार रखा गया है। किसान विकास पत्र में निवेश करने वालों के 7.5 फीसदी ब्याज मिलेगा और ये 115 महीने में मैच्योर करेगा। सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम 8.2 फीसदी ब्याज इस तिमाही में मिलेगा। पोस्ट ऑफिस की मंथली इनकम अकाउंट स्कीम में निवेश पर 7.4 फीसदी ब्याज मिलेगा।

### पहली तिमाही में ब्याज दर बढ़ाकर 8 फीसदी की गई थी

इससे पहले भी मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सुकन्या समृद्धि योजना के ब्याज दरों को 7.6 फीसदी से बढ़ाकर 8 फीसदी कर दिया गया था। यानि मौजूदा वित्त वर्ष में इस योजना के लिए सरकार 0.6 फीसदी ब्याज दरें बढ़ा चुकी है।

## बीएसई सेंसेक्स ने 18.73 प्रतिशत की बढ़त हासिल की

# शेयर बाजार की तेजी में निवेशकों की संपत्ति 2023 में 81.90 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

शेयर बाजार के लिए 2023 एक यादगार वर्ष रहा। सकारात्मक कारकों के दम पर शेयर बाजार में शानदार तेजी रही और निवेशकों की संपत्ति इस साल 81.90 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत की मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियाद ने बाजार में तेजी लाने अहम भूमिका निभाई।

इस साल 30 शेयरों वाले सूचकांक बीएसई सेंसेक्स ने 11,399.52 अंक यानी 18.73 प्रतिशत की बढ़त हासिल की। इस तेजी की वजह से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इस साल 81,90,598.32 करोड़ रुपये बढ़कर 3,64,28,846.25 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

### भारतीय बाजार ने लचीलेपन का प्रदर्शन किया

पिछले साल 2022 में निवेशकों की संपत्ति 16.38 लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ़ी थी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुनील न्याति ने कहा कि भारतीय बाजार ने लचीलेपन का प्रदर्शन किया और व्यापक उभरते बाजारों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में से एक बनकर उभरा है।



- बाजार का पूंजीकरण 3,64,28,846.25 करोड़ रुपए रहा
- खुदरा निवेशकों की भागीदार इस साल बढ़ी
- खुदरा निवेशक अब गिरावट के दौरान घटबराते नहीं हैं

### स्मालकैप में 47 फीसदी का रहा उछाल

व्यापक बाजार में तेजी ने भी समग्र आशावाद को बढ़ाया। इस साल बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 13,746.97 अंक या 47.52 फीसदी उछला, जबकि मिडकैप इंडेक्स 11,524.72 अंक या 45.52 फीसदी चढ़ गया।

### रिलायंस पहले नंबर पर रही

बाजार मूल्यांकन के लिहाज से शीर्ष पांच कंपनियों की बात करें तो रिलायंस इंडस्ट्रीज 17,48,827.92 करोड़ रुपये के साथ पहले नंबर पर है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) 13,88,591.70 करोड़ रुपये के मूल्यांकन के साथ दूसरे, एचडीएफसी बैंक 12,97,972.04 करोड़ रुपये के साथ तीसरे, आईसीआईसीआई बैंक 6,98,965.47 करोड़ रुपये के साथ चौथे और इन्फोसिस 6,40,351.80 करोड़ रुपये के बाजार मूल्यांकन के साथ पांचवे नंबर पर है।

### बाजार मूल्यांकन पहली बार 4000 अरब डॉलर पहुंचा

भारतीय बाजारों ने इस साल उस समय अपनी उपलब्धियों में और इजाफा किया जब बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन इस साल 29 नवंबर को पहली बार 4,000 अरब डॉलर तक पहुंच गया। बीएसई पर सभी सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 24 मई, 2021 को 3,000 अरब डॉलर पर पहुंचने के बाद उसे 4,000 अरब डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने में सिर्फ ढाई साल लगे।

*शुक्रवार को सेंसेक्स 170 अंक गिरा :साल 2023 के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स में गिरावट आई क्योंकि निवेशकों ने हालिया तेज उछाल के बाद मुनाफावसूली को प्राथमिकता दी। सेंसेक्स 170.12 अंक गिरकर 72,240.26 पर बंद हुआ जबकि निफ्टी 47.30 अंक की गिरावट के साथ 21,731.40 पर बंद हुआ।*

### शेयर बाजार के लिए साल अच्छा रहा

न्याति ने कहा कि 2023 न केवल भारतीय शेयर बाजार के लिए एक अच्छा साल रहा, बल्कि खुदरा निवेशकों को भी इस साल तगड़ा मुनाफा हुआ। न्याति ने कहा, 'खुदरा निवेशक अब गिरावट के दौरान घबराते नहीं हैं, वे आत्मविश्वास से अपने निवेश को बरकरार रख रहे हैं और भारत की आर्थिक उन्नति के साथ चलने को तैयार हैं।'

### बाजार 2023 में करीब 20 प्रतिशत चढ़ा

घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांकों- सेंसेक्स और निफ्टी में वर्ष 2023 के दौरान करीब 20 प्रतिशत की तेजी रही। हालांकि, साल के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को निवेशकों ने मुनाफा वसूली पर जोर दिया और बाजार गिरावट के साथ बंद हुए।

# तेल कंपनियां इथेनॉल पर देगी प्रोत्साहन राशि




- सी-हैवी शीरा से बने इथेनॉल पर मिलेंगे 6 .87 रुपए प्रति लीटर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने आपूर्ति बढ़ाने के लिए सी-हैवी श्रेणी के शीरा से बने इथेनॉल पर 6.87 रुपये प्रति लीटर का प्रोत्साहन देने की पेशकश की है।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'सी-हैवी श्रेणी के शीरा से बने इथेनॉल उत्पादन को अधिकतम करने और इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम के लिए इथेनॉल की समग्र उपलब्धता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने सी-हैवी शीरा से बने इथेनॉल के लिए 6.87 रुपये प्रति लीटर के प्रोत्साहन की घोषणा की है।' सी-हैवी श्रेणी का शीरा चीनी कारखानों का एक उप-उत्पाद है। इथेनॉल उत्पादन के लिए इसका उपयोग हरित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का एक प्रभावी तरीका है। जीवाश्म ईंधन की खपत तथा आयात निर्भरता में कटौती के लिए एक सरकारी कार्यक्रम के हिस्से के रूप में तेल कंपनियां पेट्रोल में 12 प्रतिशत तक इथेनॉल का मिश्रण कर रही हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों- इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने इस शीरे पर प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है।

### इथेनॉल की कीमतें सरकार कुछ दिनों में तय करेगी

कंपनियों ने कहा कि सी-हैवी श्रेणी के शीरा से बने इथेनॉल की आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए यह निर्णय लिया गया है। प्रोत्साहन राशि पिछले इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) के खरीद मूल्य 49.41 रुपये प्रति लीटर के ऊपर दी जाएगी। बी-हैवी श्रेणी के शीरा और जूस से बनने वाले इथेनॉल की कीमतें सरकार कुछ दिनों में तय करेगी।

# भारत निवेशकों के देश के रूप में बदला: उदय कोटक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिग्गज बैंकर और कोटक महिंद्रा बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) उदय कोटक ने शुक्रवार को कहा कि भारत अब बचतकर्ताओं के बजाय निवेशकों का देश बन गया है और अधिक लोग अपना अधिशेष धन म्यूचुअल फंड एवं शेयर बाजार में लगाने लगे हैं।

कोटक ने सोशल नेटवर्किंग मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'भारतीय बचतकर्ताओं को 1980 के दशक की शुरुआत में सोने और जमीन की तुलना में वित्तीय परिसंपत्तियों पर कम भरोसा होता था। धीरे-धीरे बचतकर्ताओं ने कुछ हिस्सा बैंक जमा, यूटीआई और एलआईसी में स्थानांतरित करना शुरू किया।'

कोटक ने कहा कि 1990 के दशक में भी शेयर बाजार में निवेश को एक तरह का सट्टा ही माना जाता था। उन्होंने कहा, 'ऐसी स्थिति में कंपनियां पूंजी निवेश के लिए विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के पास गईं। एफआईआई ने यहां पर संभावनाएं देखीं और कंपनियों में खरीदारी की लेकिन भारतीय बचतकर्ता इनसे दूर ही रहे। दिग्गज बैंकर ने कहा कि कंपनियों ने कम-चर्चित लक्जमबर्ग स्टॉक एक्सचेंज के जरिये पूंजी जुटाई थी। इस तरह भारत का पूंजी बाजार निर्यात किया जा रहा था। वरिष्ठ बैंकर ने कहा, हममें से कुछ लोगों ने बाजार नियामक सेबी के समक्ष इस घटना पर प्रकाश डाला। इससे 2000 के दशक की शुरुआत में निजी आवंटन बाज़ार (क्यूआईपी) की शुरुआत हुई।




- भारत अब बचतकर्ताओं का देश नहीं रहा
- लोग अपना धन एमएफ और शेयर बाजार में लगा रहे

*निवेशक मॉडल के बीच खींचतान चल रही : कोटक ने कहा कि इस बदलाव से भारत बचतकर्ताओं के देश से निवेशकों के देश में तब्दील हो गया है। इस समय बचतकर्ता/ उधारकर्ता और जारीकर्ता/ निवेशक मॉडल के बीच खींचतान चल रही है।*

# रत्न, आभूषण निर्यात नवंबर में घटकर रहा 4.52 प्रतिशत

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारत का रत्न एवं आभूषण निर्यात नवंबर में सालाना आधार पर 4.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,018.180 करोड़ रुपये रहा। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जीजेईपीसी के आंकड़ों के अनुसार, नवंबर 2022 में निर्यात 19,917.73 करोड़ रुपये रहा था।

जीजेईपीसी के चेयरमैन विपुल शाह ने कहा, 'भारत में उद्योग जगत ने भू-राजनीतिक मुद्दों और मांग कम होने के कारण 15 अक्टूबर से 15 दिसंबर तक कच्चे हीरे का आयात बंद करने का आग्रह किया था। इसके साथ त्योहारी सीजन में मांग बढ़ने से निर्यात में सुधार हुआ है।' शाह ने कहा कि उद्योग जगत को भविष्य में चीजें बेहतर होने और वित्त वर्ष 2023-24 में निर्यात पिछले वित्त वर्ष की तुलना में बेहतर रहने की उम्मीद है। इस बीच कटे तथा पॉलिश किए गए हीरे (सीपीडी) का निर्यात नवंबर में 9.65 प्रतिशत घटकर 9,217.88 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 10,202.54 करोड़ रुपये था।



- गिरावट के साथ 19,018 करोड़ रुपये रहा

### नवंबर में सोने का निर्यात 9.2 फीसदी बढ़ा

सोने के आभूषणों का कुल निर्यात नवंबर में 9.2 प्रतिशत बढ़कर 6,724.95 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक साल पहले इसी महीने यह 6,158.56 करोड़ रुपये था। प्रयोगशाला में बने पॉलिश किए गए हीरे (एलजीडी) का सकल निर्यात नवंबर में 20.12 प्रतिशत गिरकर 7,783.24 करोड़ रुपये हो गया।

## महिंद्रा एंड महिंद्रा पर 4.12 करोड़ रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली।** घरेलू वाहन विनिर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) पर उसके दोपहिया कारोबार के संबंध में इनपुट टैक्स क्रेडिट दावे और शिक्षा उपकर क्रेडिट बैलेंस को जीएसटी-पूर्व दौर से जीएसटी प्रणाली में लाने पर 4.12 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

एमएंडएम ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी को मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित कार्यालय उपायुक्त (राज्य कर) से महिंद्रा टू-व्हीलर्स लिमिटेड (एमटीडब्ल्यूएल) के दोपहिया वाहन कारोबार के संबंध में 4,11,50,120 रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश मिला है।

# सोना 350 रुपए टूटा, चांदी भी 1,000 रुपए लुढ़की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों से कमजोरी के संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 350 रुपये की गिरावट के साथ 63,950 रुपये प्रति 10 ग्राम रहगया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 64,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था।

चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये लुढ़ककर 78,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। जबकि इसके पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 79,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच एमसीएक्स के वायदा कारोबार में सोने के फरवरी अनुबंध का भाव 244 रुपये की गिरावट के साथ 63,145 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इसके अलावा चांदी के मार्च अनुबंध का भाव 1,166 रुपये गिरकर 73,793 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना गिरावट के साथ 2,070 डॉलर प्रति औंस रह गया। चांदी भी गिरावट के साथ 23.80 डॉलर प्रति औंस रही। कॉमेक्स पर सोना हाजिर 2,070 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो अंतरराष्ट्रीय बाजार में पिछले बंद स्तर से 10 डॉलर कम है।



- चांदी लुढ़ककर 78,500 रुपए प्रति किलो

## बीएसईएस छतों पर 1,000 सौर इकाइयां लगाएगी



**नई दिल्ली।** बिजली क्षेत्र की कंपनी बीएसईएस ने अभी तक छतों पर 6,000 सौर इकाइयां स्थापित की हैं और उसकी योजना अगले वित्त वर्ष में कम से कम 1,000 और इकाइयां लगाने की है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छतों पर सबसे ज्यादा 3,650 सौर इकाइयां उपकरण घरेलू खंड में लगाई गईं। इसके बाद वाणिज्यिक खंड में 1,087 इकाइयां, शिक्षण संस्थानों में 939 इकाइयां, औद्योगिक क्षेत्र में 85 इकाइयां और अन्य क्षेत्रों में 129 इकाइयां स्थापित की गईं। बीएसईएस ने एक बयान में कहा, 'छत पर लगने वाले सौर नेट मीटरिंग की प्रतिक्रिया बहुत उत्साहजनक रही। आवासीय, शिक्षण और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों सहित सभी श्रेणियों के उपभोक्ता बड़े पैमाने पर छत पर सौर नेट मीटरिंग के प्रति आकर्षित हुए हैं।'

## रिकवरी साइट पर स्विच करने लाइव सेशन होगा आयोजित

# नए साल में इस शनिवार को भी खुलेगा शेयर बाजार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वैसे तो शेयर बाजार में शनिवार को साप्ताहिक अवकाश होता है लेकिन जनवरी 2024 में इस दिन ट्रेडिंग होगी।

- एनएसई दो लाइव सेशन आयोजित करने जा रहा

दरअसल, डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट पर स्विच करने के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) 2 विशेष लाइव सेशन आयोजित करने जा रहा है।

पहला सेशन सुबह 9:15 बजे शुरू होगा और यह सुबह 10:00 बजे समाप्त होगा जबकि दूसरा सेशन सुबह 11:30 बजे शुरू होकर 12:30 बजे बंद होगा। यह लाइव सेशन 20 जनवरी 2024, शनिवार को आयोजित किया जाएगा।

### क्या है इसका मकसद

दरअसल, इस ट्रेडिंग सेशन के जरिए स्टॉक एक्सचेंज डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट का ट्रायल करेगा। इसका मकसद विषम परिस्थिति में बिना किसी बाधा के ट्रेडिंग को जारी रखना है।

आसान भाषा में समझें तो किसी साइबर अटैक, सर्वर क्रैश या अन्य विषम परिस्थितियों में ट्रेडिंग डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट पर की जा सकेगी। इससे मार्केट और निवेशकों में स्थिरता बनी रहेगी।

### दूसरा सेशन डीआर साइट पर

वहीं, दूसरा विशेष लाइव ट्रेडिंग सेशन डीआर साइट पर होगा। इस दूसरे विशेष लाइव सेशन में, प्री-ओपन सेशन सुबह 11:15 बजे शुरू होगा और यह 11:30 बजे समाप्त होगा। सामान्य बाजार सुबह 11:30 बजे खुलेगा और दोपहर 12:30 बजे बंद होगा। वहीं, क्लोजिंग सेशन दोपहर 12:40 बजे से 12:50 बजे तक होगा। बता दें कि एनएसई के अलावा बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज भी 20 जनवरी को एक विशेष लाइव सेशन आयोजित करेगा। बीएसई की ओर से भी इस संबंध में सर्कुलर जारी कर दिया गया है।



### ट्रेडिंग प्राइमरी वेबसाइट पर होगी

सर्कुलर के मुताबिक इस दिन सुबह 9:00 बजे से 9:08 बजे तक प्री-ओपन सत्र होगा। इसके बाद सामान्य बाजार सुबह 9:15 बजे खुलेगा और 10:00 बजे बंद हो जाएगा। इस दौरान ट्रेडिंग प्राइमरी वेबसाइट पर होगी।

### सर्कुलर में क्या कहा गया है

एनएसई ने इस संबंध में एक सर्कुलर भी जारी किया है। एनएसई सर्कुलर में ट्रेडिंग सेशन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि 20 जनवरी को इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट में प्राइमरी साइट से डिजास्टर रिकवरी साइट पर इंट्रा-डे स्विच के साथ विशेष लाइव ट्रेडिंग सेशन आयोजित किया जाएगा।

## वारी एनर्जीज ने आईपीओ दस्तावेज किए दाखिल




**नई दिल्ली।** सौर पैनल निर्माता वारी एनर्जीज ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए धन जुटाने के लिए शुक्रवार को पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दाखिल किए गए दस्तावेज के अनुसार, आईपीओ में कुल 3,000 करोड़ रुपये के ताजा इक्विटी शेयर और एक प्रवर्तक तथा मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 32 लाख इक्विटी शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

## खबर संक्षेप



### कैप्टन हवा सिंह अकादमी के मुक्केबाजों ने जीते पदक

**भिवानी।** चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में 25 से 28 दिसंबर तक नॉर्थ ईस्ट जोन यूनिवर्सिटी गेम का आयोजन किया गया। गेम में कैप्टन हवासिंह बॉक्सिंग अकादमी के मुक्केबाज युधवीर ने 92 से अधिक किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण, 51 किलोग्राम भार वर्ग में योगेस ने ब्रांज, 54 किलोग्राम भार वर्ग में अश्वनी ने ब्रांज, 63.5 किलोग्राम भार वर्ग में साहिल सोनी ने ब्रांज, 67 किलोग्राम भार वर्ग में सरवर ने सिल्वर मेडल जीता।

# नागरिकों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ सर्दी के मौसम में सावधानी बरतने के बारे में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार को बवानीखेड़ा क्षेत्र के गांव धनाना और सूमड़ा खेड़ा में पहुंची। ग्रामीणों ने संकल्प यात्रा का स्वागत किया। कार्यक्त्रम के दौरान ग्रामीणों को एलईडी वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संदेश सुनाया गया, जिसमें ग्रामीणों ने बड़ी गौर से सुना। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के जिला संयोजक रोहताश चौहान कार्यक्रम में मुख्यरूप से शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प शपथ दिलाई। कार्यक्रमों में स्वास्थ्य विभाग और आयुष विभाग ने लोगों को सर्दी के बढ़ते प्रकोप के कारण सावधानी बरतने के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान उज्जवला योजना के लाभार्थियों को गैस कनेक्शन, चूल्हा व रेगूलेटर आदि दिए गए। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन के साथ.साथ महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। चिकित्सकों ने ग्रामीणों को मौजूदा समय में सर्दी के प्रकोप से हो रहे बुखार,खांसी से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### गांव धनाना और सूमड़ा खेड़ा में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

#### लोगों को समझाईं योजनाएं

कार्यक्रम के दौरान ड्रोन दीदी के बारे में जानकारी दी गई, जिसे किसानों ने बड़े चाव से देखा। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों ने किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि ड्रोन बड़ा ही कारगर हैए जिससे खेत में कम समय में सही जगह पर दवा का छिड़काव किया जा सकता है। यह युवाओं के लिए रोजगार का माध्यम भी है। इस दौरान नागरिकों को भारत को पूर्ण रूप से विकसित बनाने में अपना योगदान देने की शपथ भी दिलाई गई। नागरिकों से आह्वान किया गया कि वे नागरिक होने का कर्तव्य निभाएं और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देखे गए 2047 तक भारत को पूर्ण रूप से विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने में अपनी भूमिका निभाएं।



**भिवानी।** कार्यक्रम में महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत गैस चुल्हा देते हुए।

कार्यक्रमों में आयुष विभाग ने दवाई देने के साथ.साथ आयुर्वेदिक दवाओं के प्रभाव व महत्व के बारे में विस्तार से लोगों को समझाया। ग्रामीणों को बताया कि आयुष दवा बड़ी ही कारगर होती हैं और इनका शरीर पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता। कोई दवा चिकित्सक की सलाह के अनुसार ही लेनी चाहिए। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग की एड्स विंग ने ग्रामीणों को बताया कि सुरक्षित यौन संबंध ही एड्स का बचाव है। इस दौरान नागरिकों की एड्स जांच के लिए स्लाईड भी बनाई गई। इसी प्रकार से लोगों को टीबी मुक्त भारत अभियान और टीबी के लक्षणों, बचाव और उपचार की जानकारी दी गई। इसी प्रकार से कल्याण विभाग ने उनके विभाग द्वारा संचालित छात्रवृति योजनाओं, अत्याचार निवारण व सहायता, मकान नवीनीकरण आदि के बारे में बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं और गांवों के गणमान्य नागरिक, विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## जिला परियोजना कार्यालय में पोस्टर मेकिंग एवं रोल प्ले प्रतियोगिता का आयोजन

# जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में टीआईटी स्कूल ने लहराया परचम

### विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों के मॉडल देखकर सभी ने जमकर की सरहाना, जीवन में आगे बढ़ने को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

एससीईआरटी गुरुग्राम द्वारा प्रायोजित जिला परियोजना कार्यालय में साइंस मैथ एनवायरमेंट एग्जिबिशन, पोस्टर मेकिंग एवं रोल प्ले प्रतियोगिता का आयोजन में किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन जिला परियोजना पर्यवेक्षक ज्ञानेंद्र नेहरा की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में मुख्यतिथि डीईओ नरेश मेहता व विशिष्ट अतिथि डीईईओ संतोष नागर व गणमान्य अतिथि स्नेह प्रभा बीईओ लोहारू रहे।

विज्ञान प्रदर्शनी में टीआईटी स्कूल ने परचम लहराया। प्रदर्शनी में भिवानी के सातों ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त करने लगभग 210 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। निर्णायक की भूमिका सहायक प्रोफेसर डॉ. रविकांत, डॉ. अनिल सिंह, डॉ. सुनीता, डॉ. पूनम, डॉ. मदन कुमार, डॉ. मंजू, डॉ. दीपिका व डॉ. मोनिका ने निभाया।

डीईओ महता व डीईईओ नागर ने कहा कि प्रतियोगिता में जो मॉडल बनाए हैं, वे तारीफ के काबिल हैं, इससे बच्चों के ज्ञान का पता चलता है, विज्ञान का मानव जीवन में अहम योगदान है, विज्ञान के बगैर मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती।



**भिवानी।** साइंस मैथ एनवायरमेंट एग्जिबिशन व प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करती डीईईओ संतोष नागर व अन्य।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला विज्ञान विशेषज्ञ रोहित इंदौरा, एपीसी विवेक अदलखा, भौतिक प्रवक्ता अनिल अरोड़ा, लक्ष्मण गौड़, कमल शर्मा, बजरंग, डॉ. आशीष भारद्वाज, यशवीर सिंह, कपिल शर्मा व समस्त समग्र शिक्षा विभाग स्टाफ की विशेष भूमिका रही।



**भिवानी।** साइंस मैथ एनवायरमेंट एग्जिबिशन का अवलोकन करते डीईओ नरेश महता व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

#### स्वास्थ्य में शिवम स्कूल लोहानी की रीमा प्रथम

स्वास्थ्य में शिवम स्कूल लोहानी से रीमा प्रथम, संचार एवं यातायात में विक्रम शिवम स्कूल लोहानी, कक्षा छठी से आठवीं कक्षा में विज्ञान मॉडल जीवन शैली विषय में शिवम सीनियर सैकेंडरी स्कूल लोहानी की स्नेहा प्रथम, कृषि में राजकीय वमा विद्यालय पुर की वंशिका प्रथम, कम्प्यूटर थिंकिंग में राजकीय हाई स्कूल बोहल के अंकित प्रथम, संचार एवं यातायात में शिवम स्कूल लोहानी से सुमित ने बाजी मारी।

#### ये रहा परिणाम

प्रतियोगिता में कक्षा 6 से8 व 9 से 12वीं के छात्रों ने रोल प्ले, पोस्टर मेकिंग व विज्ञान प्रदर्शनी के पांच विषयों में भाग लिया, जिनमें रोल प्ले में छह से आठ, स्वास्थ्य विषय में याशिका टीआईटी स्कूल प्रथम, कम्प्यूटर थिंकिंग विषय में टीआईटी के नीरज पांडे प्रथम, संचार व यातायात में विनित राजकीय वमा विद्यालय खानक प्रथम, जीवन शैली में राजकीय मिडल स्कूल देवसर की पिंकी प्रथम, कृषि में राजकीय स्कूल हेतमपुरा से ममता प्रथम स्थान पर रहे। पोस्टर मेकिंग कक्षा 9 से 12 में नवीन गोस्वामी टीआईटी स्कूल प्रथम, संचार एवं यातायात में रणजीत राजकीय स्कूल कुड़ल, 9 से 12 विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल में कम्प्यूटर थिंकिंग में अभिषेक टीआईटी स्कूल प्रथम स्थान पर रहा।

# कर्मचारी राजकीय विद्यालयों के शिक्षकों को योजनाओं के बारे में करेंगे जागरूक

- सुपर .100 व बुनियाद कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान की जिम्मेवारी एबीआरसी, बीआरपी के कंधों पर

दीपक कुमार डुमड़ ▶▶| बवानीखेड़ा

प्रदेश के शिक्षा विभाग द्वारा सुपर.100 तथा बुनियाद कार्यक्त्रम में विद्यार्थियों के चयन के लिए विद्यालय स्तर पर चलाए जाने वाले जागरूकता अभियान की जिम्मेवारी एबीआरसी व बीआरपी के कंधों पर डाली है। जिसमें कर्मचारियों द्वारा सुपर.100 कार्यक्रम के लिए वर्तमान में दसवीं कक्षा में पढ़ रहे विद्यार्थियों को जो फरवरी.मार्च 2024 में 10वीं की वार्षिक परीक्षा देंगें व बुनियाद कार्यक्रम के लिए वर्तमान में 8वीं कक्षा में पढ़ रहे विद्यार्थियों को जो मार्च 2024 में 8वीं की वार्षिक परीक्षा देंगें उन पर फोकस करके शिक्षकों को अलर्ट करके उनकी भागीदारी ऑनलाइन अदा करवानी है।

#### अधिकारी ने बनाई योजना को कामयाब करने की रणनीति

बवानी खेड़ा कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी आनंद शर्मा ने खंड के सभी सीआरसी को इसके बारे में पत्राचार के माध्यम से पूरी जानकारी दी व इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बताया कि सुपर.100 कार्यक्रम के अंतर्गत वर्तमान में 10वीं कक्षा में पढ़ रहे छात्र जो नौवीं कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय जो फरवरी.मार्च 2024 में 10वीं की परीक्षा देगें और बुनिया के लिए वर्तमान में 8वीं कक्षा में पढ़ रहे छात्र 7वीं कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय जो फरवरी.मार्च 2024 में 8वीं की परीक्षा देंगें उनका अधिक से अधिक पंजीकरण करवाकर भाग लेना सुनिश्चित करना है ताकि राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का विद्यार्थी पूरा लाभ लेसके। अधिकारी द्वारा विद्यालय मुखियाओं, एसएमसी सदस्यों को बवानी खेड़ा के रामासंवमावि में 11 जनवरी को पहुचंने के आदेश दिए।

#### कुछ इस प्रकार बनाई रूपरेखा

विभाग द्वारा दिए निर्देशानुसार एबीआरसीए बीआरपी को अपने अपने खंड के सभी राजकीय विद्यालयों में जाकर अध्यापकों व प्राध्यापकों के सहयोग से राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही उपरोक्त योजनाओं से संबंधित सभी जानकारियों को संबंधित कक्षाओं में पढ़ रहे सभी विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के साथ सांझा करनी होगी। इसके अलावा सभी संबंधित कर्मचारी कार्यक्रम में चयन के लिए होने वाली परीक्षा में भाग लेने के लिए सभी संबंधित विद्यार्थियों को भी प्रेरित करते हुए उनका पंजीकरण करवाने में सहायता करेगें।

### पानी के संचय के लिए कुंडों का निर्माण जरूरी

**बहल।** अटल भूजल योजना के तहत जल संरक्षण के लिए बरसाती पानी का संचय करने के लिए कुंडों का निर्माण किया जा रहा है। इसी कड़ी में कस्बे के श्री अलख गोशाला बहल में कुंड का निर्माण किया जाएगा। शुक्रवार को सरपंच साधूराम पनिहार ने कुंड निर्माण के लिए नींव रखी व प्रसाद वितरित किया। सरपंच साधूराम पनिहार ने बताया कि वर्तमान समय में जल संकट गहराता जा रहा है। ऐसे में पानी की बूंद बूंद बचाकर ही आने वाले कल को सुरक्षित किया जा सकता है। प्रदेश सरकार द्वारा पानी बचाने के लिए अटल भूजल योजना के तहत कुंडों का निर्माण किया जा रहा है। श्री अलख गोशाला में श्री श्याम चारा भंडार के समीप कुंड का निर्माण किया जाएगा जिसकी नींव रखी गई है। दस गुणा दस फीट के साइज के इस कुंड पर करीब साढे चार लाख रुपये की लागत आएगी। बरसात के समय में इस कुंड में पानी का संचय किया जा सके जिसका गोशाला के प्रयोग किया जा सकेगा। इस अवसर पर सेठ संजय लालावासिया, संदीप लाखलाण, सुभाष गोस्वामी, पितराम पनिहार, दीपक पनिहार, उमेद सोलंकी, रामनिवास सांखला, मुकेश पूर्व पंच, राजकुमार, प्रकाश गुर्जर, सुरेन्द्र जांगड़ा सहित गोशाला के कर्मचारी व गोसेवक मौजूद रहे।



**बहल।** श्री अलख गोशाला में पानी के संचय के लिए कुंड की नींव रखते सरपंच साधूराम।

# रासायनिक खादों दुष्प्रभाव बताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जब से भोजन में चटपटे मसाले व रासायनिक खादों से उत्पादित खाद्यान्न का प्रयोग शुरू हुआ है। रसोई से पारंपरिक भोजन गायब ही होते जा रहे है, जिसका नकारात्मक प्रभाव स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। पारंपरिक भोजन की कमी व रासायनिक खादों से उत्पादित खाद्यान्न के कारण रोजाना नई बीमारियां भी जन्म ले रही है, ये बात भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक सदस्य एवं ग्राम स्वराज टिकाऊ खेती जनजागरण अभियान के संचालक महेंद्र सिंह गोदारा ने शुक्रवार को गांव मतानी के जाल वाले चौक पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। गोदारा ने कहा कि रासायनिक खाद्यान्न एवं सब्जियां के प्रयोग से लोगों का स्वास्थ्य निरंतर गिर रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य में गड़बड़ियां अति चिंता का विषय है तथा इससे भावी पीढ़ी प्रभावित हो रही है। गोदारा ने महिलाओं का आह्वान किया कि वे अपनी रसोई में परंपरागत भोजन जैसे दलिया, खीचड़ी, कढ़ी, राबड़ी, दाल आदि नियमित रूप से बनाए। पारंपरिक भोजन बनाना कोई पिछड़ापन नहीं है तथा यह हमारे ऋषि-मुनियों के अनुभव की देन है।



- रासायनिक खादों से उत्पादित खाद्यान्न की दौड़ में लोग भूले पारंपरिक भोजन: गोदारा

**भिवानी।** ग्राम स्वराज टिकाऊ खेती जनजागरण अभियान को संबोधित करते महेंद्र सिंह गोदारा। *फोटो : हरिभूमि*

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में लिया भाग

**बहल।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भिवानी में राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला स्तरीय सात दिवसीय शिविर में बीआरसीएम ज्ञानकुंज पब्लिक स्कूल के 12 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने शिविर में आयोजित विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एनएसएस प्रभारी जोगेन्द्र सिंह ने बताया कि भिवानी के मॉडल स्कूल में 22 से 28 दिसंबर तक शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के एनएसएस के स्वयंसेवकों ने भाग लिया था। शिविर में स्वयंसेवको के व्यक्तित्व विकास के लिए योगाभ्यास, खेलकूद, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन, भाषण, कविता, लघु नाटिका सहित अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें बीआरसीएम के राजीव, हितेश कुमार, योगेश कुमार, साहिल,सचिन सांगवान, प्रदीप जावला, साहिल, अजीत, गुलशन, योगेश्वर, सतीश कुमार और संजीव ने भाग लिया था। इन प्रतियोगिताओं में स्वयंसेवकों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और पोस्टर मेकिंग में प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यालय पहुंचने पर बीआरसीएम ज्ञानकुंज प्रधानाचार्य राजेश कुमार झाझरिया ने स्वयंसेवको को बधाई दी।

# विजेता विद्यार्थियों किया सम्मान

- हलवासिया स्कूल के विद्यार्थियों ने खेलों में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हलवासिया विद्या विहार के छात्रों ने किरोड़ीमल पब्लिक विद्यालय में 'अंतर विद्यालय खेल महोत्सव' में अनेक खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिताओं में लगभग 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की 100 मीटर रेस (छात्र) में हलवासिया विद्या विहार के चिराग घनघस ने द्वितीय, थ्री लैग रेस (छात्र) में जयवर्धन व रितिविक ने द्वितीय तथा छात्रा वर्ग में सोनाक्षी व पूर्वा ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं लड़कों की स्लो साइकिलिंग प्रतियोगिता में राकेश व मयंक ने प्रथम व द्वितीय, लड़कियों में अक्षिता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लड़कों की सेक रेस में मयंक व यश ने क्रमशः प्रथम व द्वितीय, लड़कियों में अक्षिता ने द्वितीय व रिद्धि गुप्ता ने तृतीय स्थान जीता। टग ऑफ वार खेल प्रतियोगिता में 15 विद्यार्थियों सौरभ, दीपक, मयंक, गौरव, नितिन, मन्नू, सूर्या प्रताप, रोहित, चिराग, ध्रुव, धीरज, नमन, यशवर्धन, सोहेल व अनुज ने सामूहिक रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का परचम लहराया। विद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य विमलेश आर्य व प्रशासक दीवानचंद रहेजा ने विजेता विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा बधाई दी।



**भिवानी।** विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते अतिथिगण। *फोटो : हरिभूमि*

## नालों की सफाई और कूड़ा उठान समय करने के दिए निर्देश

# सफाई व्यवस्था को लेकर न बरतें कोताही: मंदीप कौर

- अधिकारी सुनिश्चित करें कि शहर में किसी भी स्थान पर सफाई को लेकर कोई समस्या ना हो : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

नागरिक खुशहाल तभी हो सकता है, जब वह स्वस्थ होगा, इसलिए हमे अपने ईद गिर्द सफाई व्यवस्था को चूस्त दुरुस्त करना होगा। इस कार्य के लिए प्रशाशन तो लगातार प्रयास कर ही रहा है, लेकिन आमजन का सहयोग भी आपेक्षित है। ये बात उपायुक्त मंदीप कौर ने कही। उन्होंने शहर की साफ सफाई संबंधित जरूरी दिशा-निर्देश नगर परिषद के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि नप की ओर से शहर के सभी स्थानों पर सफाई की उचित व्यवस्था करने और कूड़े व गंदगी की समस्या न होने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चाक चौबंद होनी चाहिए। साथ ही सभी स्थानों से प्रतिदिन कूड़े का उठान भी किया जाए। उन्होंने कहा कि नप का सबसे मुख्य कार्य सफाई का है। ऐसे में अधिकारी सुनिश्चित करें कि शहर में किसी भी स्थान पर सफाई को लेकर कोई समस्या ना हो और कूड़ा डालने के लिए निर्धारित सभी स्थानों से प्रतिदिन कूड़ा उठाया जाए। शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चाक चौबंद होनी चाहिए। उन्होंने डीएमसी को निर्देश दिए कि सफाई के कार्य के लिए कर्मचारियों को उचित मात्रा एवं संख्या में उपकरण व जरूरी चीजे उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।



**भिवानी।** बैठक में सफाई को लेकर निर्देश देते उपायुक्त।

#### शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाएं

एडीसी एवं जिला नगर आयुक्त डॉ. जयेन्द्र सिंह ने कहा कि सफाई व्यवस्था को गंभीरता से लिया जाए, ताकि शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि सफाई अभियान पर सरकार सहित मुख्यमंत्री मनोहरलाल स्वयं नजर रखें हुए हैं और मुख्यमंत्री किसी भी स्थान का औचक निरीक्षण भी कर सकते हैं। सफाई व्यवस्था को प्रभावित करने वालों सहित गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही करें। नप अधिकारी व कर्मचारी सफाई व्यवस्था के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें।

# शहीद भीमा नायक को स्वतन्त्रता सेनानियों के परिजनों ने किया नमन



**भिवानी।** 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने वाले आदिवासी योद्धा भीमा नायक ने अपनी आखिरी सांस तक अंग्रेजों द्वारा गरीबों पर हो रहे अत्याचार से लोहा लिया। ये बात स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण संगठन के संस्थापक महेन्द्र पाल यादव ने उनके बलिदान दिवस पर नमन करते हुए कही। उन्होंने कहा कि शहीद भीमा नायक ने 1857 के पहले 1840 से 1864 तक अंग्रेजों के खिलाफ हुए युद्ध की अगुआई की। आदिवासियों का ये पहला लड़ाका योद्धा है, जिन्हें अंडमान के काला पानी में 29 दिसंबर 1876 को फांसी दी गई थी। अंग्रेज सरकार द्वारा आरोप सिद्ध होने पर पोर्ट ब्लेयर और निकोबार में रखा गया। भीमा जी का कार्य क्षेत्र बड़वानी रियासत से वर्तमान महाराष्ट्र के खान देश क्षेत्र तक रहा है। वर्ष 1857 में अंबापानी युद्ध में भीमा जी की महत्वपूर्ण भूमिका थी। अंग्रेज जब भीमा जी सीधे नहीं पकड़ पाए तो उन्हें उनके ही मुखबिरी पर धोखे से पकड़ावा गया था। इस अवसर पर जसबीर फौजी, धर्मपाल ग्रेवाल, सुरेश किराड़, प्रदीप, रणबीर सांगवान, सतबीर भैणी, रामअवतार गुप्ता, बिजेन्द्र कोंट, सुभाष बामला रहे।

### नशा मुक्ति एवं स्वच्छता को लेकर निकाली रैली

**भिवानी।** राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय में जारी राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला स्तरीय सप्त दिवसीय शिविर का समापन हो गया। शिविर के समापन समारोह की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी नरेश महता ने की तथा कार्यक्रम में मुख्यतिथि एसडीएम बाबूलाल एवं एसएनओ हरियाणा दिनेश कुमार ने शिरकत की। इस दौरान आजादी के अमृत महोत्सव थीम के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत, स्वच्छता, नशा मुक्ति हरियाणा का संदेश दिया।


## सूचना

मैं, सुरेन्द्र सिंह (Surender Singh) पुत्र जगत सिंह निवासी जैन अस्पताल के पास वार्ड नं. 5, लोहारू, तहसील लोहारू, जिला भिवानी, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे स्कूल प्रमाण पत्र में मेरा अंग्रेजी में नाम की स्पैलिंग Surendra Singh है और आधार कार्ड, पैन कार्ड, फैमली आईडी व अन्य कागजातों में मेरे नाम की स्पैलिंग Surender Singh सुरेन्द्र सिंह दर्ज है। मैं अपना पासपोट बनवाना चाहता हूं। भविष्य में मुझे सुरेन्द्र सिंह (Surender Singh) पुत्र जगत सिंह के नाम से जाना जाए।

## खबर संक्षेप

### बच्चों का लिया जाएगा साक्षात्कार

**महेंद्रगढ़।** दिल्ली के इंडियन स्कूल ऑफ डेवलपमेंट मैनेजमेंट आईएसडीएम द्वारा प्रायोजित एक वर्ष के सामाजिक रिसर्च प्रोजेक्ट ग्रामीण हरियाणा के पार क्षेत्रीय परिवारों असम, बंगाल, बिहार जैसे दूर दराज प्रदेशों से शादी करके आई महिला के बच्चों का साक्षात्कार लिया जाएगा। अंकित रिसर्च फैलोशिप के सदस्य ने बताया कि इन बच्चों की उम्र 16 से 25 वर्ष होनी चाहिए व उनको एक घंटे के साक्षात्कार के उपरांत 500 रुपये प्रत्येक छात्र को मानदेय के रूप में उनके घर पर ही दिया जाएगा।

### घर से स्कूल के निकला 13 वर्षीय बच्चा गायब

**महेंद्रगढ़।** गांव बारड़ा से स्कूल के लिए निकला 13 वर्षीय छात्र अज्ञात परिस्थितियों में गायब हो गया हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी हैं। पुलिस को दी शिकायत में गांव बारड़ा निवासी जगबीर ने बताया कि उसका 13 वर्षीय बेटा यश सतनाली के एक निजी स्कूल में पढ़ता है तथा उसकी बेटी भी स्कूल में 11वीं कक्षा में पढ़ती हैं। सुबह के समय उसका बेटी व बेटी के साथ बस में स्कूल गए थे, लेकिन छुट्टी के बाद केवल उसकी बेटी ही अकेली घर आई।

### पेट्रोल पंप से बाइक चोरी

**महेंद्रगढ़।** गांव झगड़ौली स्थित पेट्रोल पंप से रात के समय एक मोटरसाईकिल चोरी हो गई हैं। सदर थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव सुरजनवास निवासी धर्मबीर ने बताया कि वह गांव झगड़ौली स्थित पेट्रोल पंप पर नौकरी करता हैं। 24 दिसंबर को अपनी बाईक लेकर पेट्रोल पंप पर गया था। रात को करीब 12 बजे उस उसने देखा तो उसकी बाइक गायब मिली।

### जैलाफ में खेल प्रतियोगिता कल

**नारनौल।** विलेज हार्ड वर्क यूट्यूब की ओर से गांव जैलाफ में 31 दिसंबर को खेल प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह होगा। बोस जैलाफिया के जन्मदिन पर होने वाली इस प्रतियोगिता में जिला भर के खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है। इस प्रतियोगिता में नेशनल स्टाइल कबड्डी होगी, जिसमें प्रथम आने वाली टीम को 31 हजार व द्वितीय को 21 हजार का इनाम दिया जाएगा। स्पाटा प्रतियोगिता में पहला स्थान पर 3100, दूसरे नंबर पर 2100 मिलेगा।

# भारतीय जनता पार्टी ने कर दिया देश का बेड़ा गर्क : हसमुख चौधरी

■ जनता को न्याय दिलाने के लिए राहुल करेंगे 14 से यात्रा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

कांग्रेस के भिवानी.महेंद्रगढ़ लोकसभा प्रभारी हसमुख चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों ने देश व प्रदेश का बेड़ा गरक कर दिया। प्रदेश को विकास की बजाए विनाश की तरफ धकेल दिया। युवाओं को रोजगार देने की बजाए कर्मचारियों से ही रोजगार छीनने का प्रयास किए जा रहे है। भाजपा की नीतियों से आमजन बेहद परेशान है। वे शुक्रवार को गांव घुसकानी, बडेसरा व तालू मंडल के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों को पार्टी की मजबूती के टिप्स दिए और कांग्रेस की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि वे हर घर तक पहुंचे और पार्टी के साथ जोड़े। वर्करों के सहयोग से ही पार्टी को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों की वजह से आमजन का जीना दूभर हो गया है। आए दिन जनविरोधी नीतियां लागू की जा रही है। जिसके चलते महंगाई आसमान पर है। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। उसके बाद रामराज स्थापित होगा। हर वर्ग व समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।



**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन पूर्व सीपीएस फौजी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### जनता को न्याय दिलाने के लिए राहुल करेंगे 14 से यात्रा शुरू

बैठक में पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी ने बताया कि देश व प्रदेश की जनता को न्याय दिलाने के लिए 14 जनवरी से राहुल गांधी भारत न्याय यात्रा शुरू करेंगे। जो कि 20 मार्च तक जारी रहेगी। इस यात्रा के जरिए युवाओं, किसानों, महिलाओं की सुरक्षा व खिलाडियों की समस्याओं को उजागर किया जाएगा। साथ ही देश पर बढ़ रहे कर्ज, निजीकरण की नीतियों से कर्मचारियों के रोजगार छीनने आदि की नीतियों का खुलासा किया जाएगा। राहुल गांधी की भारत न्याय यात्रा के प्रति लोगों में जबरदस्त उत्साह है। इस मौके पर भिवानी प्रभारी दिनेश, प्रदीप गुलिया, किरण प्रधान,जयदेव तंवर, दीप प्रधान, डॉ. फूल सिंह, दिनेश शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, रामधारी कौशिक, प्रोफेसर करतार, बलबीर,मेघा बागड़ी,लीला ठेकेदार,विजय शर्मा, राजेश बडेसरा, अनूप बडेसरा, रणदीप हुड्डा,नेत्रपाल, अमित तिगड़ाना के अलावा अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संयुक्त किसान मोर्चा व विभिन्न खापों ने खोला मोर्चा

# सैय गांव में किसान महापंचायत में उठी न्यायोचित मुआवजे की मांग

अनिश्चितकालीन धरना व प्रभावित गांवों के किसानों को संगठित करने को संघर्ष करेंगे तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

संयुक्त किसान मोर्चा व विभिन्न खापों ने सैय गांव में इंडियन ऑयल तेल पाइप लाइन के न्यायोचित मुआवजे की मांग को लेकर गांव की गोशाला में महापंचायत हुई। महापंचायत की अध्यक्षता सीसर गांव के किसान राजेश सिंहमार व सैय गांव के मैनपाल ने संयुक्त रूप से की। मंच संचालन भारतीय किसान यूनियन चंढूनी के जिला प्रधान राकेश आर्य ने किया। महापंचायत को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल व भाकियू टिकैत के युवा प्रधान रवि आजाद ने कहा कि जमीन किसानों की है और पाइप लाइन निकालने के बाद उसकी कीमत आधी से भी कम हो जाएगी। किसान उसमें ट्यूबवेल व किसी किस्म का निर्माण नहीं कर सकता। वर्तमान फसल भी चार वर्ष तक नियमित रूप से नहीं कर सकते, इसलिए किसानों को जब तक न्यायोचित मुआवजा नहीं मिल जाता, तब तक पाइप लाइन की खुदाई की कार्यवाही नहीं चल पाएगी। महापंचायत को युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान, भाकियू चंढूनी के सत्यवान नरवाल, सरपंच सैय फुलकुमार, किसान सभा के कामरेड ओमप्रकाश, मास्टर शेरसिंह, नरेन्द्र धनाना, प्रताप सिंह सिंहमार, महम से रायसिंह नेहरा, संयुक्त किसान मोर्चा के बलबीर सिंह बजाड़, जाटू खाप से मास्टर राजसिंह जताई, समाजसेवी सतबीर रतेरा, करतार निमड़ीवाली, आंकड़ सैय रिवाड़ी, छात्र प्रतिनिधि मनजीत लांग्यान, रत्नसिंह सैय, बिल्लू बीडीसी व धर्मबीर प्रधान आदि मौजूद रहे।



गांव सैय में किसान महापंचायत में उपस्थित किसान। फोटो : हरिभूमि

### बल प्रयोग करने की बजाय बातचीत से करें समाधान

उन्होंने कंपनी अधिकारियों व राज्य सरकार से मांग की कि वे बल प्रयोग करने की बजाय बातचीत से समाधान करें और पीड़ित किसानों को न्यायोचित मुआवजा दिया जाए। उन्होंने कहा कि हम विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन किसान का हक और अधिकार मारकर सरकार विकास नहीं कर सकती। वे बातचीत के लिए हमेशा तैयार हैं। उन्होंने किसान मजदूरों का आह्वान किया कि इस न्याय की लड़ाई के लिए एकजुट हो। वहीं नौ जनवरी को संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक जिलास्तर पर भिवानी में बुलाई जाएगी।





**तोशाम।** बैठक के दौरान विरोध जताते किसान। फोटो : हरिभूमि

# सरकार तेजी से कर रही बिजली का निजीकरण, किया विरोध

■ ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने गांव दुल्हेड़ी में की बैठक

**तोशाम।** शुक्रवार को ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन गांव कमेटी दुल्हेड़ी ने बैठक की, जिसकी अध्यक्षता भीम सिंह सैनी ने की। बैठक में हरियाणा बिजली निगम द्वारा आमजन से बिजली बिल सिक्योरिटी के नाम से तीन महीने का एडवांस बिल के नाम से नाजायज वसूली का गांव में विरोध किया और बिजली बिल की प्रतियां जलाकर विरोध जताया। गांव कमेटी प्रधान फूलसिंह ने कहा कि बिजली एक जन-उपयोगी सेवा है, आमदनी का स्तर चाहे जो भी हो बिजली लोगों का मौलिक अधिकार है, लेकिन देसी और विदेशी कॉरपोरेट्स का हित साधने के लिए बहुत ही जरूरी जन-उपयोगी सेवा को मुनाफा लूटने की वस्तु में तब्दील कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार आम आदमी के हितों पर कुठाराघात कर बड़ी तेजी से बिजली का निजीकरण कर रही हैं। नतीजतन, बिजली के रेट बढ़ने से आम उपभोक्ता बिजली बिलों के बोझ तले दब रहे हैं। तरह-तरह के बहाने बनाकर बिजली की दरों में बढ़ोतरी रोजाना की बात हो गई है। बिजली कानून-2003 के जरिए बिजली उत्पादन में निजी मालिकों के लिए रास्ता खोल दिया। बिजली उत्पादन का 50 प्रतिशत हिस्सा निजी मालिकों के कब्जे में है। बिजली बिल-2022 का मकसद देशभर में बिजली क्षेत्र का मुक्कमल निजीकरण करना है, इससे बिजली दरों में बेतहाशा वृद्धि होगी।

### बवानीखेड़ा में नेकी की दीवार शुरू, जरूरत अनुसार कपड़ा लेकर व देकर जाए

**भिवानी।** शुक्रवार को कस्बा बवानीखेड़ा में हरियाणा जागृति मोर्चा ने नेकी की दीवार शुरू की गई है। इस दीवार से जरूरत के हिसाब से व्यक्ति कपड़े लेकर तथा ज्यादा होने पर देकर जा सकते है। मोर्चा के अध्यक्ष अधिवक्ता राजेश सिंधु तथा मोर्चा के संरक्षक एडवोकेट रामकिशन काजल ने कहा कि कड़ाके की ठंड में गरीब लाचार के पास छत नहीं हैं और उसे गर्म कपड़ा भी नसीब नहीं हो, तो उसके लिए दिन रात गुजारना मुश्किल भरा हैं, जिनकी हर सक्षम व्यक्ति को मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह निरंतर कस्बे में गली व चौक चौराहों पर जनसम्पर्क अभियान भी चलाये और सामान्य हस्पताल के सामने नेकी की दीवार का घर जाकर प्रचार करेंगे और लोगों से गुहार करेंगे कि जिस किसी के पास जरुरत से ज्यादा गर्म कपड़े है तो गरीब व जरूरतमंदों की मदद के लिए नेकी की दीवार पर रखे, जिससे उनकी जरूरत पूरी हो सकते।





बवानीखेड़ा में शुरु की गई नेकी की दीवार पर रखे कपड़े। फोटो : हरिभूमि

### पीएम व सीएम के नेतृत्व में तेजी से हो रहे विकास कार्यः मलिक

**तोशाम।** विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार को क्षेत्र के गांव पटौदी कलां व खुर्द गांव में पहुंची। कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली बच्चों व लोगों को 'हमारा संकल्प-विकसित भारत' की शपथ दिलवाई गई। यात्रा में स्क्रीन के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार के 9 साल के कार्यकाल पर आधारित डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। डॉक्यूमेंट्री में सरकार के नौ साल के कार्यकाल में विकास कार्यों पर फोकस किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों की स्टॉल लगाकर आमजन की समस्याएं सुनी व मौके पर निदान किया। जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक ने कहा कि यात्रा के जरिए केंद्र और राज्य सरकार की नौ साल की उपलब्धियों के बारे में आमजन को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश में पीएम मोदी और सीएम मनोहरलाल के नेतृत्व में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं और आने वाले समय में और तेजी से विकास कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कई विभागों ने अपने हेल्प डेस्क भी लगाए हैं।



**तोशाम।** विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रदर्शनी का अवलोकन करती जिप चेयरपर्सन अनीता मलिक। फोटो : हरिभूमि

# बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सलाखा ने जीता सिल्वर

■ अपनी प्रतिभा की बदौलत बेटियों ने विश्व पटल पर चमकाया देश का नाम : अखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बेटियां खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाकर ये साबित कर रही है कि बेटियों को भी थोड़ा प्रोत्साहन व उत्साहवर्धन मिले तो वे बेटों से भी आगे बढ़कर माता-पिता व समाज को गौरवांवित कर सकती है। इसी कड़ी में अब 20 से 27 दिसंबर तक उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में हुई सातवी इलाईट वूमैन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भिवानी निवासी कोच अखिल की देखरेख में अखिल फिटनेस बॉक्सिंग एंड स्पोर्ट्स फाउंडेशन की खिलाड़ी सलाखा सिंह सनसनवाल ने 70 किलोग्राम भार वर्ग में सिल्वर पदक हासिल किया है। बता दें कि चैंपियनशिप में दिल्ली की तरफ से अखिल, गगन भारद्वाज एवं हिमानी बॉक्सिंग कोच के रूप में गए थे। कोच अखिल ने बताया कि सलाखा सिंह ने ये पदक दिल्ली प्रदेश की तरफ से खेलते हुए हासिल किया है तथा चैंपियनशिप में दिल्ली प्रदेश की तरफ से एकमात्र पदक सलाखा ने हासिल किया है। उन्होंने बताया कि सलाखा ने प्रतियोगिता में उड़ीसा, हिमाचल प्रदेश व उत्तराखड़ की खिलाड़ी को हराकर सिल्वर पदक हासिल किया। चैंपियनशिप में दिल्ली से 12 खिलाड़ियों ने भाग लिया था, लेकिन केवल सलाखा ने ही सिल्वर मेडल हासिल किया। कोच अखिल ने कहा कि बेटियों ने अपनी उपलब्धियों के दम पर भारत का नाम रौशन किया है।



कोच के साथ पदक विजेता सलाखा।

# डीईओ ने स्काउट गाइड कैंप का किया निरीक्षण

**भिवानी।** पंडित सीताराम शास्त्री शिक्षण महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित चार दिवसीय तृतीय सोपान कैंप एवं स्काउट मास्टर बेसिक कोर्स के तीसरे दिन शुक्रवार को अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें कुकिंग विदाउट फायर, गैजेट्स मेकिंग, टेंट पिचिंग, पायनियरिंग, रंगोली आदि विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी नरेश मेहता एवं पंडित सीताराम शिक्षण संस्थाओं के अध्यक्ष पूर्व विधायक डॉ. शिवशंकर भारद्वाज ने अतिथि के रूप में शिरकत की। सभी अतिथियों ने शिविर में संचालित सभी गतिविधियों का अवलोकन किया और स्काउट गाईड को हमेशा देशसेवा के लिए तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया। तृतीय सोपान कैंप के साथ.साथ जिला आयुक्त स्काउट श्रीभगवान शास्त्री एवं नरेश कुमार डीटीसी के मार्गदर्शन में बेसिक स्काउट मास्टर्स का प्रशिक्षण शिविर भी सुचारू रूप से जारी रहा। डीओसी स्काउट्स पवन कुमार ने बताया कि कैंप में मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, केएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल, वैश्य मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल,राजकीय उच्च विद्यालय हनुमान ढ़ाणी, एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भिवानी, तोशाम तथा बवानीखेड़ा के लगभग 20 विद्यालयों के 325 स्काउट्स गाईड्स ने भाग लिया। जिला संगठन आयुक्त स्काउट आयुक्त पवन कुमार शास्त्री आदि मौजूद रहे।



**भिवानी।** सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती देते प्रतिभागी।



**लोहारू।** लोहारू ग्रामीण दौरे के दौरान ग्रामीणों को साथ कांग्रेस नेता समीर श्योराण। फोटो : हरिभूमि

# भाजपा सरकार से हर वर्ग के लोग परेशानःसमीर श्योराण

**लोहारू।** पूर्व विधायक चौ सोमवीर सिंह के पुत्र और युवा कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष समीर श्योराण ने कहा कि भाजपा सरकार में कर्मचारी, किसानए व्यापारी, महिलाएं युवा और आदमी के हित सुरक्षित नही हैं। लोगों को अपने हकों के लिए लिए सडक्रों पर उतरना पड़ता है। जिसके कारण प्रदेश का प्रत्येक वर्ग भाजपा सरकार से दुखी है। आने वाले चुनावों में भाजपा को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। समीर श्योराण अपने जनसंपर्क अभियान के तहत लोहारू खंड के अनेक गांवों का दौरा करते हुए ग्रामीण सभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार अनाप.शनाप टैक्स लगाकर जनता को लूटने का काम कर रही है और दिशाहीन नीतियों से देश की अर्थव्यवस्था कमजोर होती जा रही है। समीर ने कहा कि अब देश की जनता ने भाजपा को सबक सिखाने का मन बना लिया है, आने वाले चुनावों में कांग्रेस की सरकार बनना तय है।





**बहल।** श्रीराम इंटरनेशनल स्कूल के वॉलीबाल खिलाड़ी हर्षित का स्वागत करते हुए चेयरमैन डॉ. विरेन्द्र श्योराण, सुशील केडिया व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### वॉलीबॉल खिलाड़ी हर्षित का किया स्वागत

**बहल।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में ओडिशा स्टेट स्कूल स्पोर्ट्स ऐसोसिएशन द्वारा आयोजित 67 वीं वॉलीबाल एंड रग्बी अंडर 14 चैंपियनशिप में प्रदेश की टीम को दूसरा स्थान मिला। टीम कैप्टन श्रीराम इंटरनेशनल स्कूल बहल के खिलाड़ी हर्षित चैहड़िया का प्रतियोगिता में उम्दा प्रदर्शन रहा। शुक्रवार को हर्षित के बहल पहुंचने पर उसका जोरदार स्वागत किया गया। श्री राम इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों व अन्य ग्रामीणों ने हर्षित को खुली जीप में बैठाकर उसका विजयी जुलूस निकाला। कस्बे के पुलिस स्टेशन से शुरू हुआ जुलूस राजगढ़ मोड़ होते हुए मैन बाजार और भिवानी रोड पर हीरो एजेंसी तक गया। इस दौरान जगह जगह पर लोगों ने हर्षित को नोटों व फूलों की मालाएं पहनाकर स्वागत किया व आर्शीवाद दिया। जुलूस जब मैन बाजार में केडिया मिष्ठान भंडार के समीप पहुंचा तो लोगों ने जमकर आतिशबाजी की। श्री राम स्कूल के विद्यार्थी इस दौरान डीजे में बज रहे देशभक्ति के गानों की धुन पर नाचते, गाते रहे।

## चीटफंड कंपनियों के निवेशक 8 वर्षों से भटक रहे

# पीड़ित निवेशकों ने प्रदर्शन कर सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अपनी जमापूंजी वापस लेने की मांग करते हुए चीटफंड कंपनियों के पीड़ित निवेशक करीबन 8 वर्षों से दर-दर भटक रहे हैं। सरकार, प्रत्येक मंत्री, सत्ता व विपक्ष के सांसदों व विधायकों को मांगपत्र सौंपने के बाद प्रदेश सरकार ने 28 अगस्त 2023 को बड्स एक्ट-2019 के तहत कार्यालय खोले जाने के आदेश दिए थे, जिसके बाद देशभर के 22 राज्यों में कार्यालय खोले गए, लेकिन भिवानी अभी भी इससे अछूता है, जिसके चलते पीड़ित निवेशक अपनी जमापूंजी वापस लेने के लिए दस्तावेज ही जमा नहीं कर पा रहे। पीड़ित निवेशकों के प्रति जिला प्रशासन के अनदेखी पूर्ण रवैये के खिलाफ शुक्रवार को पीड़ित निवेशकों का गुस्सा फूटा तथा उन्होंने शहर में प्रदर्शन कर उपायुक्त को मांगपत्र सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने भिवानी में बड्स एक्ट-2019 के तहत कार्यालय खोले जाने की मांग की। इस मौके पर ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के जिला प्रधान रामजस ने कहा कि चीट फंड कंपनियों के शिकार हुए पीड़ित निवेशकों के दस्तावेज जमा करवाने के लिए केंद्र सरकार ने 2019 व प्रदेश सरकार ने बड्स एक्ट-2019 को 29 अगस्त 2023 को मान्यता दी थी, जिसके बाद प्रदेशभर के नौ जिलों करनाल, सोनीपत, फरीदाबाद, झज्जर, नारनौल, पलवल, रेवाड़ी, नूह, गुरूग्राम में कार्यालय खोले गए, लेकिन भिवानी जिला प्रशासन इस मामले में ढ़ील बरत रहा है तथा यहां पर कार्यालय न खुलने से पीड़ित निवेशकों को परेशानी हो रही हैं। उन्होंने कहा कि बड्स एक्ट-2019 के तहत भिवानी में कार्यालय न खुलने से पीड़ित निवेशक अपनी जमापूंजी लेने संबंधी दस्तावेज जमा नहीं करवा पा रहे है, जिसके चलते उनमें खासा रोष है। मौके पर राजेश बडाला, राजकुमार वर्मा, पवन सिरसा घोघड़ा, सुरेश सांगा, ललित अग्रवाल, सुखबीर रांगी, दिनेश वर्मा, उमेद रानिला, हरीश, रवि वर्मा, ओमप्रकाश, पुष्पा यादव आदि थे।

■ प्रदेश के नौ जिलों में खुले कार्यालय, प्रशासन की अनदेखी के चलते भिवानी अछूता : रामजस



**भिवानी।** शहर में विरोध प्रदर्शन करते पीड़ित निवेशक। फोटो : हरिभूमि

